**उद्यम** मोहनलालगंज के मऊ गांव प्रॉवेन्शियल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के संयोजन में उद्यमियों ने अपने-अपने कारखाने का किया भूमि पूजन

# औद्योगिक विकास को रफ्तार, 12 इकाइयों का शिलान्यास

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। राजधानी का औद्योगिक विकास धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रहा है। मोहनलालगंज के मऊ गांव में सोमवार को 12 औद्योगिक इकाइयों का शिलान्यास इसका प्रमाण है। प्रॉवेन्शियल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के संयोजन में उद्यमियों ने अपने-अपने कारखाने का भूमि पूजन किया।

**1000**

**से अधिक लोगों के भरण पोषण का जरिया बनेंगे कारखाने**

एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश गोस्वामी ने बताया कि मंगलवार से निर्माण कार्य शुरू हो जाएंगे और एक वर्ष के भीतर समस्त इकाइयां उत्पादन करने के लिए तैयार होंगी। शिलान्यास कार्यक्रम में गोला विधायक अरविंद कुमार त्रिपाठी, आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश




मोहनलालगंज के मऊ गांव में 12 औद्योगिक इकाइयों का सामूहिक रूप से शिलान्यास करते विधायक अरविंद कुमार त्रिपाठी, उद्यमी दिनेश गोस्वामी, संजय गुप्ता और अन्य। संवाद

## मिट्टी के डिजाइनर आइटम से लेकर फर्नीचर तक के कारखाने

जिन 12 इकाइयों का भूमि पूजन हुआ है, उनमें मिट्टी के डिजाइनर आइटम तैयार होंगे। इसके अलावा लकड़ी व रॉट आयरन के फर्नीचर, पेपर प्लेट, प्लास्टिक के उत्पाद, हैंडबैग, कपड़ों के कैरी बैग, बैटरी निर्माण जैसे उद्योग लगेंगे। इनमें 30 लाख से लेकर दो करोड़ रुपये तक का शुरुआती निवेश किया जा रहा है। कुल निवेश 12.17 करोड़ रुपये का प्रस्तावित है। दिनेश गोस्वामी के मुताबिक, इन कारखानों से सीधे तौर पर 209 लोग रोजगार में लगेंगे यानी पांच गुना अधिक लोगों का भरण पोषण होगा।

### बोले उद्यमी

- **उमाकांत शर्मा ने कहा**-मेरे भाई के नाम पर भूखंड का आवंटन हुआ था, वे बैटरी का प्लांट लगाना चाहते थे, पर उनका निधन हो गया। अब हम उनका सपना पूरा करेंगे। यहां पर दो करोड़ रुपये की लागत से दो
- **महेश कुमार बोले**- हम कपड़ों का कैरी बैग बनाने का कारखाना लगाएंगे। मोहनलालगंज को चुनने का फैसला इसलिए किया कि ये मिनी औद्योगिक क्षेत्र है,
- **दिनेश गोस्वामी ने कहा**-पैकेजिंग, हार्डवेयर, सर्जिकल, एसिड और केमिकल का काम पहले से ही कर रहे हैं। यहां पर हम डिजाइनर मिट्टी के उत्पाद बनाएंगे। यहां लोग आना नहीं चाहते थे, हम